This question paper contains 8 printed pages.]

आपका अनुक्रमांक .....................

# 5276

## B.A. (Programme) / I A

## HINDI LANGUAGE (C) – Paper I

## हिन्दी भाषा (ग) – प्रश्न-पत्र I

**(प्रवेश-वर्ष 2004 / 2006 और तत्पश्चात् नियमित कॉलेजों के विद्यार्थियों के लिए / NCWEB के विद्यार्थियों के लिए)**

**समय : 3 घण्टे** **पूर्णांक : 75**

(इस प्रश्न-पत्र के मिलते ही ऊपर दिए गए निर्धारित स्थान पर अपना अनुक्रमांक लिखिए।)

**टिप्पणी :** प्रश्न-पत्र पर अंकित पूर्णांक नियमित कॉलेजों (श्रेणी 'A') के विद्यार्थियों के लिए अनुप्रयोज्य हैं । तथापि ये अंक, NCWEB के विद्यार्थियों के संबंध में उनके परिणाम के संकलन के लिए नियुक्त अधिनिर्णय के समय पर, उनके आनुपातिक रूप में अधिक होंगे ।

1. निम्नलिखित अनुच्छेद आपके पाठ्यक्रम में निर्धारित पाठों से लिए गए हैं । किन्हीं **दो** अनुच्छेदों के नीचे दिये गये प्रश्नों के उत्तर दीजिए : **8, 8**

(क) सरल भाषा के दो अर्थ हो सकते हैं । एक यह है कि भाषा हज़ार-पाँच सौ शब्दों तक सीमित कर दी जाए, जो प्रयास

बेसिक इंग्लिश के सम्बन्ध में किया गया है । दूसरा अर्थ है कि भाषा सरल हो और बहुजन समुदाय की समझ में आए । मैंने मालवीयजी की हिन्दी सुनी है । उससे ज्यादा सरल और आसान हिन्दुस्तानी मैंने कहीं नहीं सुनी । उनके शब्द ज्यादातर दो या तीन अक्षर के होते थे । अगर उनकी भाषा को इस कसौटी पर कसा जाए कि उसमें अरबी अथवा अंग्रेजी से उपजे कितने शब्द होते थे, तो वह बड़ी-कड़ी भाषा थी । लेकिन यह नासमझ कसौटी होगी । बहुजन समुदाय और शायद मुसलमानों की भी समझ के लायक जितनी वह भाषा थी, उससे ज्यादा और कोई नहीं । आखिर रहीम और जायसी मुसलमान थे या नहीं ।

(i) यह अनुच्छेद किस पाठ से लिया गया है तथा इसके लेखक कौन हैं ?

(ii) सरल भाषा से क्या तात्पर्य है ?

(iii) मालवीयजी की भाषा की क्या विशेषता थी ?

(iv) भाषा की 'नासमझ कसौटी' से आप क्या समझते हैं ?

(ख) हमारे देश में दुर्भाग्य से लोग संस्कृति को धर्म से अलग नहीं करते हैं । इसका कारण अज्ञान और हमारी संकीर्णता है । हम पर्याप्त मात्रा में जागरूक नहीं हैं । हमको नहीं मालूम है कि कौन-कौन सी शक्तियाँ काम कर रही हैं, और इसका विवेचन भी हम ठीक नहीं कर पाते कि कौन सा मार्ग सही है । इसी कारण हममें सुविवेक और साहस की कमी है और इसीलिए यह सुगम है कि अतीत का मार्ग ग्रहण करें । किन्तु हम भूल जाते हैं कि हम ऐसे युग में रह रहे हैं जब क्रान्तिकारी परिवर्तन हो रहे हैं, चारों ओर इसके स्पष्ट चिह्न दीख पड़ते हैं । समाज का पुराना सामंजस्य विनष्ट हो गया है । वह नए सामंजस्य, नए समन्वय की तलाश में है । ऐसे युग में हम केवल अतीत के सहारे कैसे चल सकते हैं ? इतिहास बताता है कि वही देश पतनोन्मुख हैं जो युग धर्म की उपेक्षा करते हैं और परिवर्तन के लिए तैयार नहीं हैं ।

(i) प्रस्तुत अनुच्छेद के पाठ और लेखक का नाम बताइए ।

(ii) हम अतीत का मार्ग ग्रहण करते समय क्या भूल जाते हैं ?

(iii) आज हम किस प्रकार के युग में रह रहे हैं ?

(iv) इतिहास किस तथ्य की ओर संकेत करता है ?

(ग) कुछ मुट्ठी भर लोग पूरे देश की देह का, उसके हर अंग का विकास करने में जुट गए हैं । ग्राम विकास तो ठीक, बाल विकास, महिला विकास सब कुछ लाईन में है ।

अपने को, अपने समाज को समझे बिना उसके विकास की इस विचित्र उतावली में गजब की सर्वसम्मति है । सभी राजनीतिक दल, सभी सरकारें, सभी सामाजिक संस्थाएं, चाहे वे धार्मिक हों, मिशनवाली हों या वर्ग संघर्ष वाली – गर्व से विकास के काम में लगी हैं । विकास की इस नई अमीर भाषा ने एक नई रेखा भी खींची है – गरीबी की रेखा । लेकिन इस रेखा को खींचने वाले सम्पन्न लोगों की गरीबी तो देखिए कि उनकी तमाम कोशिशें रेखा के नीचे रहनेवालों की संख्या में कमी लाने के बदले उसे लगातार बढ़ाती जा रही हैं ।

(i) यह अनुच्छेद किस पाठ से लिया गया है तथा इसके लेखक कौन हैं ?

(ii) पूरे देश में किस-किस प्रकार का विकास हो रहा है ?

(iii) समाज के विकास के काम में कौन लगा हुआ है ?

(iv) तमाम कोशिशों के बाद भी गरीबी रेखा के नीचे रहने वालों की क्या स्थिति है ?

2. किन्हीं **चार** प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 8

(i) पोशाक मनुष्यों को विभिन्न श्रेणियों में किस प्रकार बाँटती है ? (दुख का अधिकार)

(ii) हिन्दी को सहज और सरल कैसे बनाया जा सकता है ? (हिन्दी का सरलीकरण)

(iii) युगधर्म से क्या अभिप्राय है ? (संस्कृति)

(iv) दीपावली का पर्व कितने वर्षों पुराना है ? (दीपावली सामाजिक मंगलेच्छा का प्रतिमा पर्व)

(v) लेखक ने 'अपनी-अपनी बीमारी' के माध्यम से किन-किन लोगों पर व्यंग्य किया है ? (अपनी-अपनी बीमारी)

(vi) पर्यावरण और सात्त्विक भोजन का क्या अन्त:सम्बन्ध है ? (थकी-हारी धरती को अब विश्राम दीजिए)

(vii) विज्ञापन समाज को कैसे प्रभावित करता है ? (उपभोक्तावाद की संस्कृति)

(viii) जीवन में नदियों का क्या महत्त्व है ? (भाषा, बोली और पर्यावरण)

3. निर्मला के आधार पर किन्हीं **पाँच** प्रश्नों के उत्तर दीजिये : **10**

(i) 'निर्मला' उपन्यास में अनमेल विवाह की समस्या का चित्रण हुआ है – सिद्ध कीजिए ।

(ii) भालचन्द्र और पं. मोटेराम के बीच दहेज को लेकर क्या बातचीत हुई ?

(iii) अपने लड़के और लड़कियों के बारे में कल्याणी के क्या विचार थे ?

(iv) तोताराम मंसाराम के प्रति ईर्ष्या की भावना से क्यों भर गया था ?

(v) रूक्मणी निर्मला को नापसन्द क्यों करती थी ?

(vi) भुवनमोहन से निर्मला का विवाह क्यों नहीं हुआ ?

(vii) मंसाराम की अस्वस्थता देखकर निर्मला की क्या प्रतिक्रिया हुई ?

**अथवा**

'आज भी खरे हैं तालाब' के आधार पर किन्हीं **पाँच** प्रश्नों के उत्तर दीजिये :

(i) 'तालाबों' की घटती संख्या के क्या कारण हैं ?

(ii) 'गणधर' किन्हें कहा जाता है ?

(iii) छत्तीसगढ़ में मनाए जाने वाले 'छेरा-छेरा' त्योहार के पीछे क्या मान्यता है ?

(iv) गुणी कारीगरों के हाथ से पानी का प्रबंध किस प्रकार छीना गया ?

(v) 'आगौर' और 'नेष्टा' शब्दों को स्पष्ट कीजिए ।

(vi) तालाब बनाने की प्रक्रिया का वर्णन कीजिए ।

(vii) 'हड़वाड़ा' किसे कहते हैं ?

4. किसी **एक** विषय पर लेख लिखिये : **10**

(i) युवा वर्ग और राजनीति

(ii) विज्ञापन और उपभोक्ता संस्कृति

(iii) भ्रष्टाचार

5. 'पिच खराब होने के कारण क्रिकेट-मैच के रद्द होने पर हंगामा' विषय पर रिपोर्ट तैयार कीजिए । **5**

**अथवा**

महाविद्यालय के वार्षिकोत्सव की रिपोर्ट लिखिए ।

6. (क) एकभाषिक और द्विभाषिक कोश का अन्तर स्पष्ट कीजिए । **4**

(ख) निम्नलिखित शब्दों को हिन्दी शब्दकोश में प्रविष्टि के लिए वर्णक्रमानुसार लिखिये : **4**

अर्जुन, आमरण, नमस्ते, राष्ट्रीयता, दरिद्र, प्यार, शोषण, हरिद्वार

7. (क) उपसर्ग लगा कर **तीन** शब्द बनाएँ । **3**

(ख) संधि-विच्छेद कीजिए : **3**

(i) दिशान्तर

(ii) समाधिस्थ

(iii) स्वाधीन

(ग) निम्नलिखित शब्दों की व्याकरणिक कोटियों को कोष्ठक में दिए गए निर्देशानुसार बदलिए : 3

(i) हिंसक (संज्ञा)

(ii) सच्चाई (विशेषण)

(iii) ईमानदारी (विशेषण)

४. (क) निम्नलिखित वाक्यों को शुद्ध कीजिए : 3

(i) मैंने तुम्हें अनेकों बार चेतावनी दी ।

(ii) आप सधन्यवाद सहित आमन्त्रित हैं ।

(iii) मैंने वहाँ नहीं जाना है ।

(ख) निम्नलिखित शब्दों के शुद्ध रूप लिखिए : 3

आकरषण, निरिक्षण, आर्शीवाद, वीजातिय, उन्नती, आरांथक ।

(ग) निम्नलिखित सामासिक शब्दों का विग्रह कीजिए : 3

पंचानन, हस्तलिखित, गजानन ।